# 2022

# ELECTIVE HINDI

**Full Marks – 100**

**Pass Marks – 33**

**Time : Three hours**

*साधारण निर्देश :*

(i) इस प्रश्न-पत्र के छः खण्ड हैं : क, ख, ग, घ, ङ, च ।

(ii) प्रत्येक प्रश्न अनिवार्य है।

(iii) प्रत्येक प्रश्न के लिए निर्धारित अंक प्रश्न के सामने दिए गए हैं।

(iv) उत्तर देते समय प्रश्न-पत्र में दी गई प्रश्न-संख्या तथा निर्देशों का ध्यान रखिए।

## खण्ड — क

**(पद्य–8+12=20 अंक)**

1. नीचे लिखे पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 6

(क) ये उपमान मैले हो गए हैं ।
देवता इन प्रतीकों के कर गए हैं कूच ।
कभी बासन अधिक घिसने से मुलम्मा छूट जाता है ।

*अथवा*

(ख) भागो ऐ हमलावर! भागो
सोओ दुष्टो कभी न जागो
तड़ तड़ गोली चलती ।
काश्मीर की धरती जय जय जय कर लड़ती ।।

*निर्देश :* प्रश्न-संख्या *2* का उत्तर लगभग *50* शब्दों में, प्रश्न-संख्या *3* का उत्तर लगभग *30* शब्दों में, प्रश्न-संख्या *4* और *5* के उत्तर लगभग *25–25* शब्दों में, प्रश्न-संख्या *6* और *7* के उत्तर एक-एक वाक्य में तथा प्रश्न-संख्या *8* का उत्तर नीचे दिए गए संभावित विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर कोष्ठक में दिए गए वर्ण को ही उत्तर-पुस्तिका में लिखिए ।

2. दीन सबन को लखत है, दीनहि लखै न कोय ।
जो रहीम दीनहिं लखै, दीनबंधु सम होय ।।
– रहीम के उपर्युक्त दोहे का अर्थ स्पष्ट कीजिए । 4

3. कवि किसके साथ और कैसे आकाश में विलीन हो जाता है ? 3

4. कवि ने तलवार के मूठ पर थके और भूखे किसान का चित्र खींचने के लिए क्यों कहा ? 2

5. हरति सब आरती आरती राम की ।
दहन-दुख-दोष, निर्मूलिनी काम की ।।
– तुलसीदास के उपर्युक्त पद का भावार्थ स्पष्ट कीजिए । 2

6. रहीम ने नीचे लोगों के साथ संग न करने को क्यों कहा ? 1

7. महिषासुर कौन था ? 1

8. 'पुराने सभी देवताओं के मर जाने पर' शीर्षक कविता लिखने वाले कवि का नाम क्या है ? कविता लिखने वाले कवि का नाम क्या है ? 1

(क) भवानीप्रसाद मिश्र

(ख) अज्ञेय

(ग) गोपालकृष्ण अड्डिग

(घ) केदारनाथ अग्रवाल

## खण्ड – ख

### (गद्य – 25 अंक)

9. नीचे लिखे गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 6

(क) स्त्री के सम्बन्ध में उन्होंने बार-बार कहा क्योंकि स्त्री सदा से शोषित रही, तो उन्होंने स्त्री के लिए बहुत कहा, लेकिन उतना नहीं कर सके जितना करना चाहिए था ।

***अथवा***

(ख) किसी के मनुष्य रूप में जन्म लेने के बाद उसके मन में अपनी मातृभूमि के प्रति प्रेम उत्पन्न न हो तो व्यक्ति एक विचित्र जीव ही माना जाएगा ।

***निर्देश :*** प्रश्न-संख्या ***10*** का उत्तर लगभग ***160*** शब्दों में, प्रश्न-संख्या ***11*** का उत्तर लगभग ***50*** शब्दों में, प्रश्न-संख्या ***12*** का उत्तर लगभग ***30*** शब्दों में, प्रश्न-संख्या ***13*** का उत्तर लगभग ***25*** शब्दों में तथा प्रश्न-संख्या ***14*** और ***15*** के उत्तर नीचे दिए गए संभावित विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर कोष्ठक में दिए गए वर्ण को ही उत्तर-पुस्तिका में लिखिए ।

10. 'मानसरोवर के हंस' ***अथवा*** 'महाभारत की एक सांझ' पाठ का सारांश लिखिए । 8

11. छोटी रानी के इलाज के लिए सेनापति चाचा ने क्या किया ? 4

12. 'विफलता के इस मरुस्थल में अब एक बूँद आवेगी भी तो सूख कर खो जाएगा ।'
– उपर्युक्त कथन किसका है ? इस कथन का तात्पर्य स्पष्ट कीजिए । 1+2=3

13. हिमालय की बर्फ को 'चिरन्तन हिम' क्यों कहा जाता है ? 2

14. सेनापति चाचा कितने वर्षों के बाद तिब्बत से लौटे थे ? 1

(क) पन्द्रह

(ख) बीस

(ग) तीस

(घ) चालीस

15. 'ठेले पर हिमालय' शीर्षक निबन्ध का लेखक कौन हैं ? 1

(क) धर्मवीर भारती

(ख) कमलेश्वर

(ग) ख्वाइराकपम चाओबा सिंह

(घ) भारतभूषण अग्रवाल

## खण्ड – ग

### (पूरक पाठ्य पुस्तक –15 अंक)

*निर्देश :* प्रश्न-संख्या ***16*** का उत्तर लगभग ***50*** शब्दों में, प्रश्न-संख्या ***17*** का उत्तर लगभग ***30*** शब्दों में, प्रश्न-संख्या ***18, 19*** और ***20*** के उत्तर लगभग ***25–25*** शब्दों में, प्रश्न-संख्या ***20, 21*** और ***22*** के उत्तर एक-एक वाक्य में तथा प्रश्न-संख्या ***23*** का उत्तर नीचे दिए गए संभावित विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर कोष्ठक में दिए गए वर्ण को ही उत्तर-पुस्तिका में लिखिए ।

16. मणिपुर को 'छोटा-सा भारत' क्यों कहा जाता है ? 4

17. धर्म और राजनीति के बारे में गांधीजी ने क्या कहा ? 3

18. गांधीजी ने लेखिका को क्या आदेश दिया ? 2

19. संस्कृति को पूर्वजों की अनुपम धरोहर क्यों कहा जाता है ? 2

20. सुस्मिता कौन थी ? 1

21. गांधीजी किसपर विश्वास करते थे ? 1

22. मणिपुरी सभ्यता का इतिहास कब से जुड़ा हुआ है ? 1

23. बद्रीनाथ की यात्रा में लेखिका ने अपने पालतू जीवों में से कुत्ती फ्लोरा को ही साथ ले जाने का निश्चय क्यों किया ? 1

(क) क्योंकि फ्लोरा लेखिका के अन्य जीवों में से सब से सुन्दर थी।

(ख) क्योंकि फ्लोरा सब से खतरनाक जीव थी।

(ग) क्योंकि फ्लोरा लेखिका के बिना नहीं रह सकती थी।

(घ) क्योंकि फ्लोरा लेखिका के बिना खाना नहीं खाती थी।

## खण्ड – घ

### (वाचन – 10 अंक)

*निर्देश :* प्रश्न-संख्या *24* का उत्तर लगभग *30* शब्दों में तथा प्रश्न-संख्या *25* का उत्तर लगभग *25* शब्दों में लिखिए ।

24. टिप्पण किसे कहते हैं ? एक अच्छे टिप्पण की कसौटियाँ क्या हैं ? 1+2=3

25. टिप्पण-लेखन में कौन-सी आवश्यक बातें लिखनी पड़ती हैं ? 2

26. 'Education Director' का हिन्दी पर्यायवाची शब्द क्या है ? 1

27. 'Municipality' का हिन्दी पर्यायवाची शब्द लिखिए । 1

28. ‘Corruption’ का हिन्दी पर्यायवाची शब्द लिखिए । 1

29. ‘Home Minister’ का हिन्दी पर्यायवाची शब्द लिखिए । 1

30. ‘Vice Chancellor’ का हिन्दी पर्यायवाची शब्द लिखिए । 1

## खण्ड – ङ

### (लेखन – 15 अंक)

31. मान लीजिए कि आप एक सरकारी हाई स्कूल के प्रधान अध्यापक हैं । आपके स्कूल में मनाए जा रहे शिक्षक-दिवस के समारोह में आपको ‘एक आदर्श अध्यापक के कर्तव्य एवं उत्तरदायित्व’ ***अथवा*** ‘समाचार-पत्र का महत्त्व’ विषय पर भाषण देना है । इस सम्बन्ध में आप लगभग *160* शब्दों में एक भाषण लिखिए । 7

32. (क) मान लीजिए कि आप किसी एक समाचार-पत्र के सम्पादक हैं । आप अपने समाचार-पत्र में छपवाने के लिए ‘पर्यावरण प्रदूषण’ विषय पर लगभग *140* शब्दों में एक सम्पादकीय लिखिए । 8

***अथवा***

(ख) जननेता हिजम इरबोत की जीवनी लगभग *140* शब्दों में लिखिए ।

## खण्ड – च

### (व्याकरण – 15 अंक)

***निर्देश :*** प्रश्न-संख्या *33* का उत्तर लगभग *30* शब्दों में, प्रश्न-संख्या *34, 35* और *36* के उत्तर लगभग *25–25* शब्दों में तथा प्रश्न-संख्या *37* से *42* तक के उत्तर एक-एक वाक्य या शब्द या शब्द-समूह में लिखिए।

33. पदबन्ध किसे कहते हैं ? पदबन्ध कितने प्रकार के होते हैं ? सोदाहरण लिखिए । 1+2 = 3

34. प्रधान उपवाक्य किसे कहते हैं ? सोदाहरण लिखिए । 2

35. विशेषण उपवाक्य किसे कहते हैं ? सोदाहरण स्पष्ट कीजिए । 2

36. मुहावरे और लोकोक्ति का अन्तर सोदाहरण स्पष्ट कीजिए । 2

37. 'अस्त्र' और 'शस्त्र' – इन दो समानार्थक शब्दों के अर्थ स्पष्ट कीजिए । 1

38. वाक्य शुद्ध कीजिए – आशा है, आप कुशल हैं । 1

39. वाक्य शुद्ध कीजिए – पूज्यनीय गुरुजनों का आदर करो । 1

40. 'जमीन–आसमान एक करना' मुहावरे का अर्थ स्पष्ट कीजिए । 1

41. 'अपना गली में कुत्ता भी शेर' लोकोक्ति का अर्थ स्पष्ट कीजिए । 1

42. 'दूधारी गाय की लात भली' लोकोक्ति का अर्थ स्पष्ट कीजिए । 1

---